राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर,जयपुर पीठ, जयपुर
(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602, Toll Free Help Line 15100/9928900900)
Email: rslsajp@gmail.com , rj-slsa@nic.in website: www.rlsa.gov.in

क्रमांक : एफ7(344)/रालसा/संस्था–Exam Permission File/2019/506 दिनांक 11.9.19

कार्यालय आदेश

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एंव अधीनस्थ कार्यालयों में विभिन्न संवर्गो में पदस्थापित कर्मचारीगण द्वारा समकक्ष पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र अग्रेषित किये जाने एवं परीक्षा में बैठने की अनुमति हेतु विभाग में आवेदन पत्र प्रस्तुत नही किये जाने बाबत् इस कार्यालय के पत्र क्रमांक रालसा/संस्था/2018/13526–13560 दिनांक 27.06.2018 द्वारा निर्देश जारी किये गये थे। किन्तु प्रायः यह देखने मे आया है कि राज्य प्राधिकरण एवं अधीनस्थ कार्यालयों में पदस्थापित कर्मचारीगण द्वारा राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों, न्यायालयों इत्यादि द्वारा जारी समकक्ष पदों की रिक्तियों पर भर्ती हेतु विभाग में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जा रहे है। समकक्ष पदों पर भर्ती हेतु आवेदन किये जाने की कार्यवाही से राजकार्य बाधित होता है।

अतः विभाग में पदस्थापित कर्मचारीगण को आदेशित किया जाता है कि उनके द्वारा धारित पद के समकक्ष पदों की किसी भी विभाग की भर्ती के लिए उनके द्वारा विभाग में आवेदन पत्र प्रेषित नही किये जावें और ना ही परीक्षा में बैठने की अनुमति हेतु कार्यालय मे प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जावे।

(अशोक कुमार जैन)
सदस्य सचिव,
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
जयपुर

क्रमांक 25681–25776 दिनांक 11/9/19

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, सदस्य सचिव, रालसा, जयपुर।
2. अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समस्त राजस्थान।
3. अध्यक्ष, स्थाई लोक अदालत, समस्त राजस्थान।
4. निदेशक/विशेष सचिव, राल्सा, जयपुर।
5. संयुक्त सचिव, राल्सा, जयपुर/जोधपुर।
6. सचिव, राजस्थान उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जयपुर/जोधपुर।
7. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, समस्त राजस्थान।
8. उप सचिव–प्रथम/उप सचिव–द्वितीय/उप सचिव (एक्शन प्लान एण्ड एडीआर), रालसा जयपुर।
9. नोडल ऑफिसर, विभागीय वेबसाईट, रालसा, जयपुर।
10. संबंधित अधिकारीगण/कर्मचारीगण।
11. आदेश/संबंधित/रक्षित पत्रावली।

निदेशक

D:\sawariya\d drive\Sanwriya\Estt. Work\Exam\Office Order.docx